# UP में ₹6,566 करोड़ से लगेंगे 3 बेवरेज कैन प्लांट

## सीएम योगी से मिले कंपनियों के प्रतिनिधि

PTI



■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

यूपी में निवेश की रफ्तार बढ़ रही है। इस कड़ी में तीन बड़ी इंटरनैशनल पैकेजिंग कंपनियां मेरठ और उन्नाव में एल्युमिनियम बेवरेज कैन के नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाएंगी। तीनों प्लांट में कुल करीब 6,566 करोड़ का निवेश होगा। ये प्लांट शुरू होने के बाद यूपी जल्द ही बेवरेज कैन के उत्पादन के मामले आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र को टक्कर देगा।

तय योजना के मुताबिक, बॉल कॉरपोरेशन मेरठ में बेवरेज कैन प्लांट लगाएगी तो क्राउन होल्डिंग्स और कैनपैक उन्नाव में कैन उत्पादन शुरू करेंगी। तीनों कंपनियों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और निवेश की योजनाएं साझा कीं। प्रतिनिधिमंडल में क्राउन के कार्यकारी उपाध्यक्ष व मुख्य परिचालन अधिकारी डाल्मा नोवेस और बेवरेज कैन, यूरोप-मध्य पूर्व एवं अफ्रीका के अध्यक्ष मार्क केचेसन, बॉल कॉरपोरेशन के सीईओ रॉन लुईस और बोर्ड मेंबर कैरी कॉजी व मैंडी ग्लू शामिल रहे।

ये प्लांट शुरू होने पर कच्चे माल, मशीनरी, पैकेजिंग, ट्रांसपोर्टेशन, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, मेनटेनेंस समेत कई सेक्टर में मांग बढ़ेगी। यूपी में बेवरेज और FMCG उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही MSME और लोकल सप्लायर्स को इन कंपनियों की सप्लाई चेन से जुड़ने का मौका मिलेगा।

### ये कंपनियां करेंगी निवेश

**क्राउन होल्डिंग्स**

उन्नाव में 40 एकड़ में ₹2,078.44 करोड़ के निवेश से प्लांट लगेगा। शुरुआत में हर साल 116.2 करोड़ कैन उत्पादन होगा, जिसे बाद में बढ़ाकर 178.6 करोड़ किया जा सकेगा।

**बॉल कॉरपोरेशन**

मेरठ में 40 एकड़ में 2,913 करोड़ रुपये का निवेश कर प्लांट लगाएगी।

**कैनपैक इंडिया**



उन्नाव में 26 हेक्टेअर में 1,574.62 करोड़ रुपये की लागत से मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाएगी। इसकी उत्पादन क्षमता 130 करोड़ कैन प्रतिवर्ष होगी।